भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1403
उत्तर देने की तारीख 09 फरवरी, 2026
सोमवार, 20 माघ, 1947 (शक)

पीएमकेवीवाई के अंतर्गत प्लेसमेंट दर

1403. श्री बापी हलदर:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 2.0 के अंतर्गत प्लेसमेंट दर केवल 23 प्रतिशत रही तथा पीएमकेवीवाई 3.0 के अंतर्गत यह 8 प्रतिशत से कम रही और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) वर्ष 2019 से 2025 की अवधि के दौरान उक्त योजना के सभी घटकों के अंतर्गत प्रमाणन प्राप्त करने वाले तथा प्लेसमेंट पाने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या का वर्ष-वार, चरण-वार और घटक-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय देश भर में युवाओं को अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने और पूर्व अधिगम की मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से कौशलोन्नयन एवं पुनः कौशलीकरण प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना को लागू कर रहा है।

पीएमकेवीवाई योजना के पहले तीन चरणों, यानी पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 (जो वित्त वर्ष 2015-16 से वित्त वर्ष 2021-22 तक लागू किए गए थे), में अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक के तहत प्लेसमेंट की निगरानी की गई थी। पीएमकेवीवाई 4.0 (2022-26) के तहत, प्रशिक्षित उम्मीदवारों को उनके विविध कैरियर पथ चुनने के लिए सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है और उन्हें उद्योग से संबंधित पाठ्यक्रमों में शामिल ऑन-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) के माध्यम से इसके लिए उपयुक्त रूप से तैयार किया जाता है।

पीएमकेवीवाई 2.0 के तहत, 40.36 लाख एसटीटी प्रमाणित उम्मीदवारों में से 21.42 लाख उम्मीदवारों को रोजगार मिल चुका है, जो लगभग 53% है।

पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत, अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी), पूर्व अधिगम मान्यता (आरपीएल), कोविड योद्धाओं के लिए अनुकूलित क्रैश कोर्स कार्यक्रम (सीसीसीपी-सीडब्ल्यू) और कौशल केंद्र पहल के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत, 1.21 लाख एसटीटी प्रमाणित उम्मीदवारों में से 0.43 लाख उम्मीदवारों को रोजगार मिल चुका है, जो लगभग 35% है।

(ख) पीएमकेवीवाई 2.0 (2016-20), पीएमकेवीवाई 3.0 (2021-22) और पीएमकेवीवाई 4.0 (2022-26) के तहत प्रमाणित और नियुक्त किए गए उम्मीदवारों की चरणवार संख्या नीचे दी गई है:

स्कीम	**प्रमाणित उम्मीदवारों की संख्या**		**कुल प्रमाणित**	**कुल नियोजितों की संख्या (एसटीटी+एसपी)**
	एसटीटी+एसपी	**पूर्व अधिगम की मान्यता (आरपीएल)**		
पीएमकेवीवाई 2.0	40,36,547	51,21,000	91,57,547	21,41,575
पीएमकेवीवाई 3.0	3,20,052	1,89,662	5,09,714	43,016

पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, दिनांक 31.12.2025 तक 27,09,984 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जबकि 18,79,742 उम्मीदवारों को प्रमाणित किया जा चुका है।

वित्तीय वर्ष 2019-20 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक दिनांक 31.12.2025 तक पीएमकेवीवाई के तहत प्रमाणित और नियुक्त किए गए उम्मीदवारों की वित्तीय वर्षवार संख्या नीचे दी गई है:

वित्त वर्ष	**प्रमाणित उम्मीदवारों की संख्या**		**कुल प्रमाणित**	**कुल नियोजितों की संख्या (एसटीटी+एसपी)**
	(अल्पकालिक प्रशिक्षण) एसटीटी+एसपी (विशेष परियोजना)	**पूर्व अधिगम की मान्यता (आरपीएल)**		
वित्त वर्ष -19-20	11,50,473	19,09,604	30,60,077	6,08,389
वित्त वर्ष -20-21	4,86,460	20,71,838	25,58,298	2,16,102
वित्त वर्ष -21-22	2,55,562	2,24,236	4,79,798	1,64,162
वित्त वर्ष -22-23	2,22,030	30,672	2,52,702	-
वित्त वर्ष -23-24	1,94,607	81,387	2,75,994	-
वित्त वर्ष -24-25	11,33,603	1,97,417	13,31,020	-
वित्त वर्ष -25-26	2,59,770	27,566	2,87,336	-

*****